तुमसे अच्छा कौन है | by Ginny Kaur

सूरत सलोनी नैना कारे
तुमसे अच्छा कौन है
चाँद तारे तुमको निहारे
तुमसे अच्छा कौन है

श्याम से मिलने है आई आसमान से चांदनी
खाटू नगरी दुल्हन सी लगती हर तरफ है रौशनी
दरबार ऐसा कहीं खाटू के जैसा नहीं
स्वर्ग से प्यारे सुन्दर नज़ारे
तुमसे अच्छा कौन है
सूरत सलोनी नैना कारे
तुमसे अच्छा कौन है

हर तरफ खुशियां हैं छाई दिल में ये विश्वास है
हर नज़र में श्याम दिखता सांवरा मेरे पास है
जबसे तू मुझको मिला, दिल में ना शिकवा गिला
खुशबू से महके सारे नज़ारे
तुमसे अच्छा कौन है
सूरत सलोनी नैना कारे
तुमसे अच्छा कौन है

दिल में है धड़कन ये जब तक श्याम का दीदार हो
सांस लूँ जब आखिरी मैं आपका दरबार हो
गिन्नी दीवानी तेरी, धड़कन तो बाबा मेरी
सोनी कहता ओ मेरे बाबा
तुमसे अच्छा कौन है
सूरत सलोनी नैना कारे
तुमसे अच्छा कौन है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%9a%e0%a5%8d%e0%a4%9b%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8c%e0%a4%a8-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-ginny-kaur/